## एक नजर में

### जिला पुलिस अधीक्षक ने देखी अधिक मास में गोवर्धननाथ मंदिर और जगदीश मंदिर की व्यवस्थाएं



**मंदसौर।** जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने शुक्रवार को जीवागंज स्थित नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री गोवर्धननाथ मंदिर और जगदीश मंदिर की व्यवस्थाओं को देखा और दोनों मंदिरों में भगवान के दर्शन वंदन किये। वर्तमान में अधिक मास चल रहा है और अधिक मास में भगवान के दर्शनों का विशेष महत्व होता है इसलिए प्रतिदिन सुबह और विशेषकर रात्रि के समय में जीवागंज में अच्छी खासी भीड भक्तों की उमड रही है। इसलिए व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए एसपी स्वयं मौके पर आये और व्यवस्थाएं जांची। इस दौरान एसपी दोनों मंदिरो के अंदर गये और दर्शन वंदन किये। गोवर्धननाथ मंदिन मंदिर समिति द्वारा दुपट्टा औढकर एसपी श्री मीना का सम्मान भी किया। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने दोनों मंदिर की प्राचीनता, महत्व और परम्परा के बारे में बताया। इस दौरान श्री मीना ने आमजनों से भी चर्चा की और श्री राधाकृष्ण ग्ररुप द्वारा लगाये गये पेयजल के प्याऊ पर भी पहुंचे। जाते समय एसपी श्री मीना ने अम्बे माता मंदिर के भी दर्शन किये। इस अवसर पर एसपी श्री मीना ने कहा कि यहां आकर ब?ा अच्छा लगा है मंदसौर धार्मिक नगरी यहां पर हर उत्सव और त्यौहार पूरे जोश के साथ मनाया जाता है। दोनों मंदिर अति प्राचीन है दोनो का विशेष महत्व है। इस अवसर पर सीएसपी जितेन्द्र कुमार भास्कर, कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर, ब्रजेश जोशी, विजयेन्द्र फांफरिया भी उपस्थित थे।

### खादी उद्योग को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे, पीपी मोड पर दुकान देंगे : अध्यक्ष जोशी



**मंदसौर।** म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी ने शनिवार को मंदसौर स्थित कम्बल केन्द्र एवं खादी ग्रामोद्योग एम्पोरियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खादी उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं नवाचारों पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री जोशी ने कहा कि खादी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) मोड पर दुकानों का संचालन किया जाएगा, जिससे निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी तथा खादी उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आमजन को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण खादी सामग्री उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। खादी उत्पादों में गुणवत्ता के साथ-साथ उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा श्रमिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में भी कार्य किया जाएगा। श्री जोशी ने कम्बल केन्द्र में तैयार हो रहे कम्बलों की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा हैंडलूम, मिलिंग मशीन, बॉयलर मशीन एवं मॉडिफाई चरखे का निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने खादी वस्तुओं के बिक्री भंडार एवं दुकानों का भ्रमण कर उपलब्ध उत्पादों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को खादी उत्पादों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष श्री जोशी ने ऋएक पेड़ मां के नामऋ अभियान के अंतर्गत कम्बल केन्द्र परिसर में पौधारोपण भी किया।

## आंदोलन में शहीद किसानों को दी श्रद्धांजलि

**मंदसौर।** संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा शनिवार सुबह 11 बजे बही चौपाटी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर वर्ष 2017 में किसान आंदोलन के दौरान अपने हक की लड़ाई लड़ते हुए शहीद हुए 6 अन्नदाता किसानों स्व. श्री अभिषेक, पूनमचंद, चेनराम, सत्यनारायण, कन्हैयालाल एवं घनश्याम के बलिदान को याद कर मंदसौर एवं नीमच जिले के बड़ी संख्या में किसानों ने एकत्र होकर शहीद किसानों को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी तस्वीरों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

किसान नेता महेश व्यास लदुसा ने बताया कि शहीद किसानों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि किसानों ने इस दौरान अपनी मांगे रखते हुए कहा कि 6 जून 2017 को छः किसानों को पुलिस ने अवैध तरीके से गोली मारकर बर्बरता पूर्वक हत्या की



गई थी, इस हत्या में दोषियों पर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की गई जबकि म.प्र. में वर्ष 2017 में आज दिनांक तक भाजपा एवं कांग्रेस दोनों की सरकारे रहने के बावजूद किसी ने भी पुलिस द्वारा अवैध गोली चालन करने वाले दोषियों का न तो पता लगाया और न ही दोषियों को सजा दी गई और तो और जैन आयोग की रिपोर्ट भी सार्वजनिक नहीं की गई जिससे स्पष्ट होता है कि भाजपा एवं कांग्रेस किसान विरोधी पार्टियां है। इन्हें केवल किसानों के वोट चाहिये किसानों के हित से कोई लेना देना नहीं है। जब तक किसान अपने हक व अधिकार के लिये अपना किसान संगठन बनाकर एक जूट होकर सभी राजनीतिक पार्टियों का सख्त विरोध कर सत्ता से बेदखल कर अपनी सरकार नहीं बनायेगा तब तक ऐसे ही शोषित होता रहेगा। किसानों ने शहीद किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए निर्मम हत्या करने वाले दोषियों के नाम उजागर कर सजा दिये जाने की राज्य व केन्द्र सरकार से मांग की।

उपस्थित किसानों ने वर्तमान कृषि परिदृश्य, किसानों की ज्वलंत समस्याओं और भविष्य की रणनीतियों पर भी चर्चा की। जिसमें मांग की गई कि किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी का कानून बनाया जाए तथा सभी फसलों का एमएसपी से नीचे खरीदी कर आपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाये। किसान कर्ज माफी योजना से वंचित रहे किसानों का सम्पूर्ण कर्ज माफ किया जाए।

## समान नागरिक संहिता से समरसता को मिलेगा बल : डॉ. गोपाल शर्मा

- **ucc.mp.gov.in पोर्टल पर देशभर से नागरिकों की बुलाए सुझाव**

**मंदसौर।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सदस्य डॉ. गोपाल शर्मा ने की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों, पत्रकारों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने सहभागिता कर अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला योजना समिति सदस्य श्री राजेश दीक्षित सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए समिति सदस्य डॉ. गोपाल शर्मा ने कहा कि समान नागरिक संहिता से समाज में सद्भाव एवं सौहार्द की स्थापना होगी तथा पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में अनावश्यक तनाव की स्थिति नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर एवं महत्वपूर्ण विषय है, जिस पर प्रदेश सरकार नागरिकों की राय लेकर व्यापक अध्ययन कर रही है। यूसीसी लागू होने से महिलाओं, बच्चों एवं सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित होगा तथा विवाह, उत्तराधिकार एवं अन्य पारिवारिक विषयों में समानता स्थापित होगी।

## भरत कोठारी बने तीर्थ संरक्षिणी महासभा के जिला प्रभारी, समाजजनों ने दी बधाई


**मंदसौर।** भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महासभा लखनऊ जो लगभग 130 वर्षों से देश-विदेश में जैन धर्मायतनो की खोज करके उनका संरक्षण संवर्धन करने का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करती आ रही है। जिसका केंद्रीय कार्यालय लखनऊ में है। यह पुरातत्व सम्बंधित कार्य भी सरकार के सहयोग से सम्पादित करती है। यह जैन धर्म की भारत वर्ष में अतिप्राचीन संस्था है। हाल ही में प्रदेश स्तर पर विस्तार कार्यक्रम के तहत जिला प्रभारी की नियुक्तियां की गई जिसमें 'मंदसौर' जिले का प्रभार भरत कोठारी को सौंपा गया है।

यह जानकारी देते हुए बताया गया कि यह नियुक्ति महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री टी.के. वेद इंदौर की अनुशंसा एवं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सेठी इंदौर की सहमति से की गई। इस नियुक्ति पर प्रदेश महामंत्री कैलाश लुहा?िया, कार्याध्यक्ष तल्लिन ब?जात्या, कोषाध्यक्ष राकेश पाटनी इंदौर री?न अध्यक्ष पवन पाटोदी एवं निर्ग्रन्थ सेंटर आफ आर्कियोलॉजी इंदौर के पुरातत्व संयोजक ओम पाटोदी के साथ ही समाजजनों सर्व श्री डॉ राजकुमार बाकलीवाल, जय कुमार ब?जात्या आदीश जैन, सुमतीलाल जैन, सी.के. जैन, संजय कोठारी, संजय गोधा, अभय अजमेरा, कमल विनायका, राजेश बड़जात्या, जितेंद्र कोठारी, पारस बाकलीवाल आदि ने कोठारी को बधाईयां दी है।

## मुनि प्रणम्यसागर महाराज का विद्यालय परिसर में मंगल आगमन

- **महावीर द्वार से आज निकलेगी भव्य अगवानी शोभायात्रा, तारबंगला मंदिर में होगा मंगल प्रवेश**

**मन्दसौर। अतिशय क्षेत्र बही पार्श्वनाथ पर विराजमान श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य एवं आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद से अर्हम् योग प्रणेता पूज्य मुनि श्री 108 प्रणम्यसागर जी महाराज का ससंघ दिगंबर जैन हायर सेकेंडरी विद्यालय, बही पार्श्वनाथ परिसर में मंगल आगमन हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा श्रद्धा एवं**



**भक्ति के साथ गुरुवर का पाद प्रक्षालन किया गया।**

मुनि श्री को विद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया तथा विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं संस्कारमूलक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। गुरुवर ने विद्यालय के वातावरण, अनुशासन एवं संस्कारप्रधान शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रेरणादायक आशीर्वचन प्रदान किए।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के संस्थापक अध्यक्ष श्री विजयेंद्र सेठी, अध्यक्ष शांतिलाल ब?जात्या, सचिव नेमकुमार गांधी, जयकुमार ब?जात्या, चिन्मय कियावत, जितेंद्र दोशी, प्रवीण जैन, संजय दोशी, विशाल गोदावत सहित ब?ी संख्या में श्रद्धालुगण व समाजजन उपस्थित रहे। डॉ. चंदा भरत कोठारी ने बताया कि आज 7 जून, रविवार को मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज के साथ ऐलक अनुनयसागर जी, अनुरूपसागर जी, अनुगमसागर जी व अनुसंगसागर जी महाराज की प्रातः 7.30 बजे महावीर द्वार पर जैन समाज द्वारा मंगल अगवानी की जाएगी व बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा के रूप में मुनि संघ लगभग 8.30 बजे तारबंगला मंदिर में मंगल प्रवेश करेगा।

मुनि श्री के आगमन को लेकर पूरे समाज में बहुत उत्साह है। स्थान-स्थान पर मुनि श्री के चरण पखार कर पूजन की जाएगी। अलग-अलग स्थानों से ब?ी संख्या में श्रद्धालु भी मंगल प्रवेश जुलूस में शामिल होंगे। इसके पश्चात तारबंगला मंदिर परिसर में विशाल धर्मसभा होगी, जहाँ मुनि श्री के प्रवचन होंगे।

## विधायक डंग ने किया पर्यावरण दिवस पर वाटिका का लोकार्पण

**गरोठ।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य मे वन परिक्षेत्र गरोठ की बीट शामगढ़ पूर्व के ट्रेंचिंग ग्राउंड में नगर वाटिका का लोकार्पण कर इसके गेट जन सामान्य के लिए खोले गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरदीप सिंह डंग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में माननीय नगर परिषद् शामगढ़ अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव भी मौजूद रही। शामगढ़ नगर के अन्य गणमान्य नागरिक भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपवन



मण्डलाधिकारी गरोठ सरोज रोज द्वारा सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत पुष्प माला के साथ किया गया, जो प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा। इसके पश्चात उनके द्वारा नगर वन योजना के बारे में बताया एवं नगर वन शामगढ़ के महत्व को बताया। वन विभाग के विशेषज्ञों ने बच्चों को जंगल की कार्यप्रणाली, जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण के व्यावहारिक पहलुओं से रूबरू कराया।

विधायक डंग द्वारा भगवान श्री कृष्ण के पशु एवं प्रकृति प्रेम का उदाहरण देकर पर्यावरण की उपयोगिता बताई।माननीय नगर परिषद् अध्यक्ष द्वारा पे?ा को लगाने एवं उनकी सुरक्षा कर उनको ब?ा करने की जरूरत बताई। नगर वाटिका शामग? का विकास शहर के समीप नागरिकों को प्राकृतिक वातावरण उपलब्ध कराने और नई पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से किया गया है।

## नवांकुर सखियों के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**मंदसौर।** पारेश्वर युवा ग्राम विकास संस्था द्वारा जन अभियान परिषद के नेत्त्व में पार्यावरण दिवस के अवसर पर एक पे? मां के नाम अभियान के अंतर्गत ग्राम नौगांवा मे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष रतनलाल चौहान द्वारा बताया गया कि पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा बड़ी संख्या में सीड बॉल (बीज गेंद) तैयार की गई। आगामी वर्षा ऋतु में इन सीड बॉल्स को विभिन्न क्षेत्रों में फैलाया जाएगा, गुलमोहर, बेलपत्र, जामुन, नीम, इमली जैसे छायादार एवं पर्यावरण हितैषी वृक्ष लगाये गये। जिससे अधिक पौधे विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकें। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष रतन लाल चौहान, आशा कार्यकर्ता धापू बाई मेघवाल, कविता मेघवाल, सपना मेघवाल, कल्ला भाई दरोगा, मोनिका कुमारी, पायल कुमारी, प्रियांशी संध्या सहित कई ग्रामवासी उपस्थित थे।

# नीमच

## एक नजर में

### कृति के चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का समापन आज

**नीमच।** शहर की अग्रणी साहित्यिक, सांस्कृतिक ,सामाजिक ,संस्था कृति द्वारा बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 01 से 07 जून तक किया गया। जिसमें लगभग 50 बच्चों को प्रतिदिन दीपक भट्ट, ज्योतिका अग्रवाल, श्रीमती रचना ओझा और अश्मिका ने चित्रकारी के गुर सिखाये, साथ ही ग्लास पेंटिंग, क्ले आर्ट आदि का भी प्रशिक्षण दिया। शिविर के समापन के अवसर पर बच्चों द्वारा बनाये गए चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाईं जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए शिविर संयोजक भारत जाजू और सत्येन्द्र सक्सेना ने बताया कि शिविर का समापन 7 जून को प्रात : 10 बजे अंचल के ख्यात चित्रकार राहुल लोहार के मुख्य आतिथ्य और श्याम गुर्जर अध्यक्ष नीमच जिला प्रेस क्लब , तथा राहुल जैन ,अध्यक्ष जिला प्रेस क्लब नीमच के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमच जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष जोशी करेंगे।

### गांधी सागर जलाशय के रामपुरा बैकवाटर में 8 जून को बाढ़ राहत-बचाव मॉकड्रिल

**नीमच।** वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व गांधी सागर बांध के जलाशय में बाढ़, राहत व बचाव संबंधी मॉकड्रिल 08 जून 2026 को रामपुरा क्षेत्र स्थित बैकवाटर में आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की संयुक्त टीम द्वारा यह अभ्यास किया जाएगा। अपर कलेक्टर श्री बी एस कलेश द्वारा जारी आदेशानुसार मॉकड्रिल के सफल संचालन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए है। एसडीएम मनासानोडल अधिकारी एवं तहसीलदार रामपुरा सहायक नोडल अधिकारी रहैगे। यह मॉकड्रिल वर्षाकाल में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने, राहत-बचाव कार्यों में समन्वय स्थापित करने तथा आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय पर समस्त व्यवस्थाओं के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### 'हर घर जल' के दावों के बीच नलों से निकल रहा कीड़ों वाला पानी

**नीमच।** एक ओर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के वार्ड क्रमांक-13 स्थित बगीचा नंबर-5 क्षेत्र के रहवासी दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि नलों से आने वाले पानी को देखकर लोग उसे पीना तो दूर, उपयोग करने से भी डर रहे हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार पिछले करीब एक माह से घरों में मटमैला, बदबूदार और कीड़ों वाला पानी पहुंच रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है मानो नलों से पानी नहीं, बल्कि बीमारियों की सप्लाई की जा रही



हो। मजबूरी में इसी पानी का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां भी बढ़ने लगी हैं। रहवासियों का आरोप है कि समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी गई, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि शिकायतें फाइलों में घूम रही हैं और गंदा पानी अब भी नलों से बह रहा है। क्षेत्र में जल प्रदाय का कोई निश्चित समय भी नहीं है।

## करंट का झटका लगने पर पोल से गिरा लाइनमैन

**नीमच।** शहर के बघाना क्षेत्र में बिजली लाइन पर काम कर रहे एक लाइनमैन के साथ हुए गंभीर हादसे ने बिजली विभाग की सुरक्षा व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नाका नंबर-4 दरगाह के पास विद्युत लाइन पर कार्य के दौरान करंट लगने से लाइनमैन त्रिलोक प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। करंट का झटका लगते ही वे पोल से नीचे गिर पड़े, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत चिंताजनक होने पर उदयपुर रेफर किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार त्रिलोक प्रजापति पुत्र हुकुमचंद प्रजापति मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में लाइनमैन के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार को वे बघाना क्षेत्र स्थित नाका नंबर-4 दरगाह के पास विद्युत लाइन के रखरखाव और सुधार कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक अर्थ रिटर्न होने की आशंका के बीच उन्हें करंट



लग गया। करंट का झटका इतना तेज था कि वे संतुलन खो बैठे और ऊंचाई से नीचे गिर गए।

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल डायल-112 को सूचना दी और घायल कर्मचारी को अस्पताल पहुंचाने में मदद की। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उदयपुर रेफर कर दिया।

**परिजनों ने लगाए उपेक्षा के आरोप:** घायल कर्मचारी के परिजनों का आरोप है कि हादसे के बाद विभाग के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने उनकी सुध नहीं ली। न तो अस्पताल पहुंचकर हालचाल जाना गया और न ही उपचार की कोई विशेष व्यवस्था की गई।

## 'पोषण भी, पढ़ाई भी' अभियान तहत नवीन आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**नीमच।** जिले में 21 नवीन नियुक्त आंगनवाडी कार्यकर्ता को पोषण भी पढ़ाई अभियान के तहत प्रथम चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों को सक्षम बनाने और प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से पोषण भी, पढ़ाई भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 'पोषण भी पढ़ाई भी' अभियान केवल एक नारा नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का एक मजबूत आधार है। इस प्रशिक्षण से कार्यकर्ता जमीन स्तर पर बाल विकास सेवाओं को अधिक प्रभावी बना सकेंगी।

## हेल्पलाइन की शिकायत पर द्वारिका रेस्टोरेंट पर छापा : खाद्य निर्माण, सामान बिक्री बंद

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा और अपर कलेक्टर बीएस कलेश के निर्देशानुसार एवं अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. दिनेश प्रसाद के मार्गदर्शन में तहसीलदार संजय मालवीय व खाद्य सुरक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम ने CM HELPLINE पर प्राप्त शिकायत के आधार पर कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित मेसर्स द्वारिका रेस्टोरेंट का 5 जून को आकस्मिक निरीक्षण किया।

**जांच में मिली गंभीर अनियमितताएं:** खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान परिसर में अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण, विक्रय व भंडारण होता पाया गया। अवसान तिथि के बाद के पैक्ड खाद्य पदार्थ विक्रय हेतु भंडारित मिले तथा फ्रीज भी अस्वच्छ स्थिति में था। कढ़ाई में भरे तेल से कचोरी-समोसे आदि का निर्माण किया जा रहा था। तेल का नमूना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

**तत्काल कार्रवाई:** खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने बताया कि लोक स्वास्थ्य हित में द्वारिका रेस्टोरेंट पर खाद्य निर्माण, विक्रय तत्काल बंद कराया गया एवं खाद्य पंजीयन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है । अस्वच्छ स्थिति में खाद्य निर्माण एवं एक्सपायरी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर अधिनियम 2006 के तहत अधिकतम 3 लाख रुपए तक का अर्थदंड लगाया जा सकता है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने खाद्य व्यवसायियों को अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

## खरीफ सीजन के लिए यूरिया वितरण शुरू

**मनासा। खरीफ सीजन की फसलों के लिए मनासा क्षेत्र में यूरिया वितरण की प्रक्रिया नई ई-टोकन व्यवस्था के तहत शुरू हो गई है। कृषि विभाग द्वारा लागू की गई इस व्यवस्था का उद्देश्य किसानों को लंबी कतारों और अनावश्यक परेशानियों से राहत प्रदान करना है। अब किसान घर बैठे ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ई-टोकन प्राप्त कर अपनी आवश्यकता अनुसार उर्वरक ले सकेंगे।**

कृषि विभाग के अनुसार किसान पोर्टल पर आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं। इसके बाद सहकारी समिति की सदस्यता, भूमि एवं फसल संबंधी जानकारी दर्ज कर आवश्यक उर्वरक का चयन किया जा सकता है। खाद विपणन अधिकारी विष्णु हाड़ा ने बताया कि वर्तमान में समिति में लगभग 450 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है।

किसान आधार कार्ड एवं ई-टोकन की प्रतिलिपि प्रस्तुत कर खाद प्राप्त कर सकते हैं।

यूरिया का वितरण फसलवार निर्धारित पात्रता और ई-टोकन के आधार पर किया जा रहा है। कृषि अधिकारी राहुल कांवरिया ने बताया कि कृषि विभाग किसानों को रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ गोबर खाद, केंचुआ खाद, हरी खाद आदि के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित कर रहा है।

## एक नजर

### डीएफओ एस.के. अटोदे ने रोपा कटहल का पौधा

## विश्व पर्यावरण दिवस पर किया वृहद पौधारोपण

**नीमच। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन मंडल कार्यालय परिसर में वन मंडल अधिकारी नीमच श्री एस.के.अटोदे ने कार्यालयीन कर्मचारियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।**

**'एक पेड़ मां के नाम' को किया सार्थक:** वन मंडल अधिकारी श्री एस के अटोदे ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कटहल के पौधे का रोपण किया और रोपीत पौधे की देखभाल का संकल्प लिया।

**कर्मचारियों ने भी लगाए फलदार पौधे:** इस अवसर पर वनमंडल कार्यालय के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी श्री गिरीश सिंह राठौड़, मुख्य लिपिक श्री वीरेंद्र सिंह राठौड़, लेखा शाखा सहायक श्रीमती हेमलता सोनी,



राजस्व शाखा प्रभारी श्री कुंवर अग्निवेश, तेंदूपत्ता शाखा प्रभारी श्रीमती पूजा बंबोरिया सहित कार्यवाहक वनपाल श्रीमती हीरामणि पहाड़िया, वनरक्षक श्रीमती टीना योगी, श्री विनय कुमार सालवी, श्री राकेश शर्मा ने भी जामुन, सीताफल, कटहल, रामफल, आम आदि फलदार प्रजाति के पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया। अधिकाधिक पौधारोपण का आह्वान: वन मंडल अधिकारी नीमच श्री एस.के. अटोदे ने सभी कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्तर पर भी अधिकाधिक पौधारोपण करने हेतु प्रोत्साहित किया और कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।